# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रेषक :
सम्बद्धता विभाग,
जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर

ग्राम : यूनिवर्सिटी
दूरभाष : (0751-244228 (कार्यालय)
ई-मेल : E-mail : jiwajidcdc@gmail.com

क्रमांक : एफ/सम्बद्धता/2025/74

दिनांक : 10-04-2025

## // अधिसूचना //

जीवाजी विश्वविद्यालय के क्षेत्रान्तर्गत संचालित अशासकीय टेक्नोक्रेट इंस्टीटयूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, बड़ागॉंव, चितौरा रोड, ग्वालियर की दैनिक भास्कर समाचार पत्र दिनांक 06.03.2025 में प्रकाशित खबर के परिप्रेक्ष्य में माननीय कुलगुरू महोदय द्वारा निरीक्षण समिति का गठन किया गया। गठित निरीक्षण समिति ने दिनांक 20 मार्च, 2025 को महाविद्यालय का निरीक्षण कर प्रतिवेदन में उल्लेखित किया गया कि, ''गत वर्ष की निरीक्षण समिति को जियो टैग फोटो प्रदाय किये गये (जो कि, समिति के सदस्यों के साथ लिये गये थे) में जो भवन दर्शाया गया है, वहॉं महाविद्यालय का कोई साइन बोर्ड/फलेक्स/बेनर लगा हुआ नहीं पाया गया। भवन में उपरोक्त महाविद्यालय संबंधी कोई कार्यालय, कक्षायें, प्रयोगशालायें, पुस्तकालय, खेल का मैदान, स्टाफ एवं छात्र/छात्रायें नहीं पाए गये। भवन में (वर्तमान में) समाधिया इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड रिसर्च का संचालन पाया गया''। समिति द्वारा निरीक्षण के दौरान लिये गये वीडिया एवं फोटो भी प्रस्तुत किये गये है। जिससे यह स्पष्ट होता है कि, महाविद्यालय नियमानुसार संचालित नहीं है एवं महाविद्यालय द्वारा परिनियम-27/28 तथा उच्च शिक्षा विभाग के नियमों/मापदण्डों का पालन नहीं किया जा रहा है।

**अतः उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में विश्वविद्यालय परिनियम-27 की कण्डिका-12 के प्रावधानार्न्तगत अशासकीय टेक्नोक्रेट इंस्टीटयूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, बड़ागॉंव, चितौरा रोड, ग्वालियर को सत्र 2024-2025 के लिये अधिसूचना क्रमांक एफ/सम्बद्धता/2024/11331 दिनांक 09.09.2024 के द्वारा जारी अस्थायी सम्बद्धता समाप्त की जाती है।**

**आदेशानुसार**

**कुलसचिव**

**प्रति,**

1. अध्यक्ष/सचिव/प्राचार्य, अशासकीय टेक्नोक्रेट इंस्टीटयूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, बड़ागॉंव, चितौरा रोड, ग्वालियर।
2. आयुक्त, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
3. क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, ग्वालियर-चम्बल संभाग, कस्तूरबा चौराहा कम्पू, लश्कर ग्वालियर।
4. उप-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय) जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. परीक्षा नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. प्रभारी, आई. टी. सेल. जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचना पटल पर चस्पा करने हेतु।
7. कुलगुरू के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

**निदेशक**
**महाविद्यालयीन विकास परिषद्**